शुष्क वन अनुसन्धान संस्थान, जोधपुर में माह सितम्बर, 2022 में हिंदी कार्यशाला एवं विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन

शुष्क वन अनुसन्धान संस्थान ,जोधपुर में संस्थान में नव-नियुक्त हुए सभी कार्मिकों के लिए दिनांक **26/09/2022** को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें नव-नियुक्त 14 कार्मिकों ने भाग लिया। कार्यशाला में संस्थान के सहायक निदेशक (राजभाषा) श्री कैलाश चन्द गुप्ता ने सभी कार्मिकों को राजभाषा नियमों व अधिनियमों की जानकारी दी तथा कार्यालय में होने वाले हिंदी कामकाज से सभी को परिचित करवाया । श्री गुप्ता ने सरल हिंदी के प्रयोग पर बल देते हुए भाषायी आधार पर बने '**क**', '**ख**' व '**ग**' क्षेत्रों के बारे में सभी को अवगत कराया। कार्यशाला के दौरान संस्थान निदेशक श्री एम.आर.बालोच, भा.व.से. ने हिंदी कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों को राजभाषा का महत्व बताते हुए उन्हें हिंदी के अधिक से अधिक प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया ।

दिनांक **29/09/2022** को निदेशक महोदय की अध्यक्षता में संस्थान की विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समिति के सदस्यों ने भाग लिया । बैठक में सदस्य सचिव श्री कैलाश चन्द गुप्ता ने पिछली बैठक के कार्यवृत्त पर प्रकाश डालते हुए हुई कार्रवाई से सभी को अवगत कराया तथा बैठक की विभिन्न मदों पर चर्चा हुई। बैठक के अंत में सितम्बर माह में सेवानिवृत्त हो रहीं समिति की सदस्य श्रीमती सीमा कुमार, वैज्ञानिक – ई का समिति ने उनकी सेवाओं के लिए आभार प्रकट किया । उक्त दोनों आयोजनों में कनिष्ठ अनुवादक श्री अजय वशिष्ठ का सहयोग रहा।

हिंदी कार्यशाला

राजभाषा तिमाही बैठक